# ईद मिलादुनबी पर इस्लामिक क्विज कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में रविवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के तहत अमन कमेटी की जानिब से बच्चों के लिए शैले हॉल में दो दिवसीय इस्लामिक क्विज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक मोहम्मद कमाल द्वारा बच्चों से इस्लाम से संबंधित सवाल पूछे गये। प्रतियोगिता में 27 बच्चों की टीम बनाई गई थी। प्रत्येक टीम में तीन बच्चे रखे गये। जिसमें चार राउंड में अलग-अलग प्रकार के प्रश्न पूछे गये।

जिसमें सल्लेहयास्लम की जिंदगी के बारे में सवाल किये गये। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद खालिद ने किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मोईन अहमद ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये कहा कि आयोजकों के इस आयोजन से बच्चों में अपने धर्म के बावत ज्ञान बढ़ेगा। प्रतियोगिता के जज ऑडिटोरियम स्कूल की प्रधानाचार्या राना राशिद व मदर हार्ट्स की प्रधानाचार्या नगमा परवेज थीं।

क्विज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों की घोषणा सोमवार को की जायेगी। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष फिरोज खान, उपाध्यक्ष मो. नसीम अतीक हुसैन, महासचिव नाजिम बख्श, सचिव याकूब, जमील अहमद, राशिद, इकबाल हुसैन, सैय्यद कासिब जाफरी, जमीर अहमद, सैय्यद जमशेद अली, मो. मुजाहिद, इरफान, इब्राहिम, जावेद, आदिल, नवाब बख्श, शेखू, नजीमुउद्दीन सिद्दीकी, सलीम बख्श, सुएब सिद्दीकी, बिलाल अहमद, मो. दिलावर, रमजान बक्श, मो. हनीफ, साजिद हसन, रईस वारसी, गजाला कमाल, शाहिद वारिसी, तैय्यब जमाल, समीर अली समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

नैनीताल में इस्लामिक क्विज कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व नैनीताल में इस्लामिक क्विज कार्यक्रम में प्रश्न पूछते अमन कमेटी के लोग।

नैनीताल में इस्लामिक क्विज कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**हल्द्वानी।** रोशनी सोसाइटी द्वारा अमरावती विहार में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन में लोगों से संस्था के कार्यक्रमों में योगदान की अपील की गई।

रविवार 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ संस्था की अध्यक्ष शिवानी पाल, मनोवैज्ञानिक काउंसलर सिमरन रहेल, यूओयू की वित्त नियंत्रक आभा बोरा व ललित शाह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में रिचा पांडे द्वारा गणेश वंदना व मां सरस्वती वंदना की तो वहीं आभास बोरा, सौरभ लसपाल, आदित्य गुरुरानी, रिचिता तिवारी, राशि बिष्ट ने एकल नृत्य रिचा आयुषी साह ने की बोर्ड वादन, समूह नृत्य, लोकगीतों से मन मोह लिया। इस मौके पर सिमरन रहेल ने जहां संस्था के प्रयासों को सराहते हुए लोगों से योगदान की अपील की तो वहीं संस्था अध्यक्ष शिवानी पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर हेमा परगाईं, विनीता पांडे, दीपा गोस्वामी, योगश गुरुरानी, पंकज, ज्योति अंजलि, वैशाली, शेखर कांडपाल ऊषा कुमार, पुनीत जैन, नीरज अग्रवाल सहित अनेक बच्चे व उनके अभिवावक उपस्थित रहे।

# जिप्सी-बस की भिड़ंत में पांच घायल

**रामनगर।** जिप्सी और बस की आमने-सामने की भिड़ंत में जिप्सी में सवार चालक सहित पांच लोग घायल हो गये। घायलों को रामनगर चिकित्सालय लाया गया जहां उनकी हालत चिन्ताजनक होने पर उनको हायर सेन्टर रेफर कर दिया गया। दिल्ली कपिल विहारपुरा निवासी शैलेन्द्र वर्मा (45) पुत्र बिजेन्द्र वर्मा, नीरू वर्मा (40) पत्नी शैलेन्द्र वर्मा, पार्थ वर्मा (7) पुत्र शैलेश वर्मा कार्बेट पार्क घूमने आये थे। कल सुबह शैलेश उसकी पत्नी नीरू और पुत्र पार्थ को रमेश जोशी पुत्र गिरीश पाण्डे निवासी ढिकुली अपनी जिप्सी नम्बर यूके पीटी 1332 से कार्बेट पार्क घुमाने के लिये ले जा रहा था तभी ग्राम ढिकुली के समीप रामनगर की ओर से आ रही बस संख्या यूके04 पीए 0309 का चालक अपनी बस से नियंत्रण खो बैठा और बस की जिप्सी से भिड़ंत हो गयी। जिप्सी में सवार शैलेश, नीरू, पार्थ, जिप्सी

चालक रमेश जोशी और मुरादाबाद निवासी सीताराम पुत्र दशरथ बुरी तरह घायल हो गये। 108 सेवा के माध्यम से उनको रामनगर चिकित्सालय लाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उनको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# वन कर्मचारी संघ के शेखर बने अध्यक्ष

**रामनगर।** चतुर्थ श्रेणी वन कर्मचारी संघ की वन परिसर में वन विभाग के सभी मान्यता प्राप्त संघों के वन कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तृतीय द्विवार्षिक चुनाव वन क्षेत्राधिकारी पंकज शर्मा व राजकुमार वर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुये जिसमें शेखर चंद्र तिवारी को अध्यक्ष व आनंद सिंह रावत को मंत्री चुना गया। रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने वन परिसर में स्थित सीटीआर के स्वागती कक्ष को आज तक अन्यत्र स्थानांतरित न किये जाने को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया। संगठन के चुनाव में मोहित राठौर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बृजमोहन सिंह रावत कार्यकारी अध्यक्ष, राकेश रत्नाकर कार्यकारी मंत्री, हरीराम कोषाध्यक्ष, राम सिंह सम्प्रेक्षक चुने गये।

# जरूरतमंदों का सहारा बनी नेकी की दीवार

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

**भीमताल।** जरूरतमंद गरीबों को ठण्ड से बचाने के लिए भीमताल में ब्लॉक रोड में नेकी की दीवार का शुभारंभ विधायक राम सिंह कैड़ा द्वारा किया गया। महिला एकता कल्याण संगठन व संघर्ष समिति के सहयोग से ब्लॉक रोड में बीएसएनएल एक्सचेंज के समीप नेकी की दीवार खोल गरीबों को निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित किए गये। विधायक कैड़ा ने महिला एकता संगठन और संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की नेकी की दीवार के तहत जरूरतमंदों को निःशुल्क कपड़े

वितरित करने की प्रंशसा की। कहा कि इस नेक काम से गरीब जरूरतमंदों को इस महंगाई में निःशुल्क कपड़े पहनने को मिलेंगे साथ ही वह ठण्ड से बच सकेंगे। महिला एकता संगठन अध्यक्ष आशा उप्रेती और संघर्ष समिति अध्यक्ष देवेंद्र फर्त्याल ने कहा नेकी की दीवार गरीबों को ठंड से बचाना है। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज भट्ट ने भी इस कार्य की सराहना की। इस दौरान सुनीता कन्नौजिया, दया बिष्ट, भावना पाण्डे, मंजू आर्या, हेमा जोशी, खुशी भट्ट, गीता साह, नीमा नेगी, जहांआरा, गीता कनवाल, मोनिका बिष्ट, रितु गोस्वामी, भगवती बोरा, बबीता भट्ट, हनी जोशी, जया आर्या, पूजा आर्या, बसंती राठौर, संदीप पाण्डे, उमेश पाठक, प्रकाश कुमार, पूरन बृजवासी, पूरन चनौतिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# इलेक्शन क्विज में वंदना व जयेंद्र ने मारी बाजी

**हल्द्वानी।** क्विज प्रतियोगिता के जरिये युवा मतदाताओं को जागरूक करने की सराहनीय पहल की गई। इस मौके पर कक्षा नौ से 12वीं तक वाले वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कालेज धौलाखेड़ा की वंदना जोशी तथा कक्षा छह से आठवीं तक के वर्ग में जीआईसी फूलचौड़ के जयेंद्र सिंह ने पहला स्थान हासिल किया। इस मौके पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

जिला निर्वाचन कार्यालय के तत्वावधान में रविवार को नगर निगम सभागार में नेशनल इलेक्शन क्विज इंटर स्कूल कांटेस्ट आयोजित की गई। इसमें पूर्व में विकास खंड स्तर पर हुई प्रतियोगिता में पहला व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने हिस्सा

नगर निगम में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मौजूद अफसर तथा लिखित परीक्षा देते छात्र-छात्रायें।

लिया। प्रतियोगिता में जिले भर से आये छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस बीच कक्षा नौ से 12वीं तक वाले वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कालेज धौलाखेड़ा की वंदना जोशी, राइंका बिंदुखेड़ा के जयमित पांडे तथा वहीं के प्रवीण आर्या ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा छह से आठवीं तक के वर्ग में जीआईसी फूलचौड़ के जयेंद्र सिंह ने प्रथम, एचएन इंटर कालेज के निखिल नेगी ने द्वितीय, आदर्श विद्यालय राधिका देवी राइंका सुंदरखाल की कविता बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं व भावी मतदाताओं को निर्वाचन की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान एडीएम हरवीर सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि इन प्रतिभागियों में से यदि कोई राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करेगा तो उसे लेपटॉप पुरस्कार के तौर पर दिया जाएगा। निर्णायक मंडल में कर अधीक्षक नगर निगम विजेंद्र चौहान, कर निरीक्षक भरत त्रिपाठी व पूजा, लेखाकार गणेश भट्ट, शिक्षक डॉ.संदीप बुधानी, गिरीश चंद्र कांडपाल, कैलाश चंद्र पंत, पुष्पा भैसोड़ा, खुशाल सिंह दानू, ईला पांडे शामिल थे। इस मौके पर सामाजिक विकास अधिकारी सुरेश अधिकारी, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक हीरा लाल गौतम, जिला समन्वयक एनएसएस एलएम पांडे आदि मौजूद थे।

# शिवांश व्यापार मण्डल कनिष्ठ उपाध्यक्ष बने

**हल्द्वानी।** प्रान्तीय उद्योग व्यापार मण्डल हल्द्वानी अध्यक्ष योगेश शर्मा ने शिवांश राजौरिया को हल्द्वानी का कनिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रदेश महामंत्री नवीन वर्मा की संस्तुति पर शिवांश को कनिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा वरिष्ठ नेता धर्मानंद तिवारी, व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, हल्द्वानी इकाई उपाध्यक्ष रक्षित वर्मा, महिला उपाध्यक्ष महक खान, सचिव रेनू टण्डन, संदीप, कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता, हर्षवर्धन पांडे सहित जसविन्दर सिंह भसीन ने शिवांश के मनोनयन पर बधाई दी है।

# स्काई बर्ड एडवेंचर को मिला बेस्ट पैराग्लाइडिंग पुरस्कार

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

**भीमताल।** नौकुचियाताल के पाण्डेगांव के स्काई बर्ड एडवेंचर के संचालक मनोज पोखरिया को क्षेत्र में बेस्ट पैराग्लाइडिंग कराने और एडवेंचर में भीमताल को पहचान दिलाने में सहयोग देने के लिए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ पर्यटन मंत्री ने मनोज पोखरिया को स्मृति चिन्ह भेंट कर कहा कि भीमताल में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं अगर अन्य युवा भी मनोज पोखरिया से प्रेरणा लेकर सैलानियों को आकर्षित कर पैराग्लाइडिंग में करियर बनायें तो भीमताल को पर्यटन की दृष्टि में नई पहचान मिलेगी और युवाओं को रोजगार की तलाश में बाहर नहीं जाना पड़ेगा। महाराज ने कहा की भीमताल में पर्यटन को पहचान दिलाने के लिए वह प्रयासरत हैं।

मनोज पोखरिया ने कहा कि वह भीमताल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पैराग्लाइडिंग के साथ-साथ जंगल कैम्प का जल्द शुभारंभ करेंगे। पोखरिया को सम्मानित करने पर विधायक राम सिंह कैड़ा, ज्येष्ठ प्रमुख अनिल चनौतिया, संघर्ष समिति संस्थापक देवेंद्र फर्त्याल, वैरायटी रेस्टोरेंट के स्वामी विक्रम बिष्ट, आदर्श रामलीला कमेटी अध्यक्ष संदीप पाण्डे, नीरज कुमार मोनू, पवन साह, गुंजन रौतेला, कमल पलड़िया, पूरन बृजवासी समेत तमाम लोगों ने खुशी व्यक्त कर बधाई दी है।

ज्येष्ठ प्रमुख अनिल चनौतिया ने पर्यटन मंत्री को भीमताल, नौकुचियाताल, साततााल में पर्यटन बढ़ाने के लिए धरातल पर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने सड़कों में डामरीकरण, ट्रैकिंग को बढ़ावा, झीलों के किनारे साफ सफाई और लाइटिंग व्यवस्था करने, पेयजल और शौचालय की समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। पर्यटन मंत्री ने समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कमल पलड़िया, मनोज पोखरिया, विक्रम बिष्ट मौजूद रहे।

# चोरी गई मोटर साइकिल भवाली रोड कैंट से बरामद

**नैनीताल।** 30 नवम्बर की रात्रि को यहां तल्लीताल टैक्सी स्टैंड से चोरी हुई मोटर साइकिल नम्बर यूके-04-टीए-9668 को पुलिस ने भवाली मार्ग कैंट से बरामद कर लिया है। मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट तल्लीताल थाने में वाहन स्वामी मोहम्मद रेहान पुत्र मोहम्मद इकराम निवासी हरिनगर तल्लीताल ने लिखाई थी। रेहान ने बताया कि मोटर साइकिल की चाबियां उसी के पास रखी थी। इधर उक्त मोटर साइकिल को लावारिस हालत में ट्रैवल्स व्यवसाई गुड्डू खान ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मोटर साइकिल अपने कब्जे में ले ली। मालूम हो कि ठंड शुरू होते ही नैनीताल में चोरी की वारदातें शुरू हो जाती हैं। इन दिनों यहां वाहनों से ईंधन चोरी की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। यहां जिला पंचायत मार्ग सहित कई स्थानों में वाहनों से पेट्रोल चोरी होने की सूचनाएं मिली हैं।

# दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

**रामनगर।** विश्व दिव्यांग दिवस पर बीआरसी पीरूमदारा में ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें चित्रकला, सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ब्लॉक समन्वयक मनोज तिवारी की अध्यक्षता व विपिन बिहारी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के जीवन सत्यवली द्वारा विधिक साक्षरता एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भी प्रतिभाग कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान मो. तारिक, पंकज पांडे, दिनेश मनराल, मनोज रावत, प्रमोद सुंदरियाल, रश्मि जोशी, विमला भंडारी, अनूप वर्मा, फरीक चंद्र, सुरेश राणा, रेखा तोमर, नीतू शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अध्यात्म की शक्ति से विश्व गुरु बनेगा भारत

**रामनगर।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित पूर्व विधायक आवास ग्राम शिवलालपुर पांडे में साप्ताहिक सद्भावना सत्संग कार्यक्रम में साध्वी स्नेहाबाई ने कहा कि मानव अपनी बुद्धि व विवेक की जागृति कर भौतिक जगत में तमाम सुख सुविधाएं प्राप्त कर चुका है। परंतु मानव का अपना मन बड़ा अशांत है मानव जीवन में स्थाई सुख शांति व आनंद का अभाव है। साधनानंद जी ने कहा कि प्राचीन याग एवं सनातन धर्म आत्म ज्ञान के प्रचार से विश्व में सकारात्मक परिवर्तन होगा और भारत योग एवं अध्यात्म की शक्ति से ही विश्व गुरु बनेगा। इसके लिए भारतवासियों को सकारात्मक सोच भारत में पैदा करनी होगी। कुंती बाई ने कहा कि समय के चेतन महापुरुष एवं सच्चे संत ही मानव समाज के सच्चे मार्गदर्शक एवं सच्चे हितैषी होते हैं। ने सद्शिक्षा व धर्म का प्रचार कर समाज की दशा सुधारने का प्रयास करते हैं तथा सही दिखा दिखाकर मानव समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान गोपाल दत्त जोशी, मोहन सिंह रावत, ज्ञानचंद्र गुप्ता, चंद्रमोहन पाल, हीरा सिंह रावत, धर्म सिंह चंद्रा, हेमा जोशी, माया रावत, सुषमा गुप्ता, दीपा देवी, भगवती देवी, पूजा रावत, देवकी देवी, तुलसी देवी, किरन जोशी आदि मौजूद रहे।

# कंप्यूटर में तकनीकी खराबी से 150 वाहन फंसे

**रामनगर।** कोसी नदी क्षेत्र के बंजारी गेट पर लगे कांटे में अचानक तकनीकी खामी आने के चलते घंटों तक वाहनों को निकासी न मिलने पर खनन कारोबारियों ने रोष व्यक्त किया है। रविवार की सुबह बंजारी गेट पर लगे इलैक्ट्रॉनिक कांटे के कम्प्यूटर में अचानक तकनीकी खराबी आने के चलते नदी में उपखनिज लेने गये वाहनों की निकासी घंटों तक नहीं हो पाई। खनन कारोबारियों का आरोप है कि उन्होंने इस बावत विभाग के अधिकारियों को अवगत भी कराया लेकिन अधिकारियों द्वारा उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर में खराबी के चलते करीब 150 वाहन इससे प्रभावित हुये हैं। वहीं मामले में वन विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक जीसी पंत ने बताया कि उक्त गेट पर लगे कम्प्यूटर में तकनीकी कमी आने के कारण खनन कारोबारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा तथा कालूसिद्ध गेट से कुछ कम्प्यूटर बंजारी गेट पर भेजकर व्यवस्था को दुरुस्त करने की कार्यवाही की गई है।

# हर्षोल्लास से मनेगा अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस

**नैनीताल।** रविवार को शिल्पकार सभा की मासिक बैठक सभा के अध्यक्ष संजय कुमार संजू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि छह दिसम्बर को भारत रत्न संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। संचालन करते हुए सभा के महामंत्री रमेश चंद्रा ने कहा कि छह दिसम्बर को दोपहर 12 बजे बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायेगा। साढ़े बारह बजे अम्बेडकर भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। बैठक के पश्चात शिल्पकार सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिल कुमार की माता हीरा देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। बैठक में नवीन किशोर, कैलाश आगरकोटी, देवेन्द्र, प्रकाश, गिरीश चंद्र आर्य, दिनेश चंद्र, दीवान चंद्र, उषा कनौजिया, विनोद कुमार, ललित मोहन, रमेश चद्र, संजय कुमार, बच्ची चंद्र, राजेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

# आप की बैठक में स्थानीय निकाय चुनाव पर चर्चा

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

**नैनीताल।** आम आदमी पार्टी की रविवार को सम्पन्न बैठक में वर्ष 2018 में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव पर चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि पार्टी निकाय चुनाव में अपनी भागीदारी करेगी।

इस मौके पर पार्टी के उपाध्यक्ष एसएस कलेर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्णय लिया गया है कि पार्टी निकाय चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। वरिष्ठ नेता डीएस कोटलिया ने कहा कि नैनीताल नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष समेत 15 वार्डों में आप अपने प्रत्याशी उतारेगी। पार्टी के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण भट्ट ने संगठन को मजबूत करने के लिए दिसम्बर अंत तक समस्त 15 वार्डों में पार्टी का संगठन खड़ा करने के निर्देश दिये। प्रत्येक वार्ड में अध्यक्ष व महामंत्री समेत दस कार्यकारिणी सदस्य बनाने का लक्ष्य उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को दिया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता प्रदीप दुम्का ने कहा कि समस्त कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता खड़क सिंह व संचालन वरिष्ठ सदस्य शाकिर अली ने किया। इस मौके पर देवेन्द्र लाल साह, त्रिलोक चंद्र जोशी, पीसी जोशी, महेश चंद्र आर्या, राम नारायण, गोविंद प्रसाद, सन्नी सेलवान, बलराम पुरोहित, ललित पंत, दीपक कुमार, श्रीकांत घिल्डियाल, मुकेश कुमार, मान सिंह, हीरा बिष्ट, उमेश चंद्र तिवारी, गंगा सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह पडियार, वीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

**अल्टीमेटम / ऊर्जा कर्मियों ने विधायक बिष्ट को सौंपा ज्ञापन**

# मांगों का समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

त्रिभुवन बाली
@ dainikuttaranchaldeep.com

**रामनगर।** ऊर्जा निगमों की यूनियनों व एसोसियेशनों के संयुक्त संघर्ष मंच द्वारा अपनी मांगों के समाधान को लेकर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय जाकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वह 5 जनवरी से आम हड़ताल करने के लिये मजबूर होंगे। रविवार को विधायक को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि शासन द्वारा ऊर्जा के तीनों निगमों में पूर्व से लागू तथा निदेशक मंडल से पारित पे मेट्रिक्स तथा एसीपी की व्यवस्था से इतर कमतर ग्रेड पे में पे मेट्रिक्स तथा एमएसीपी

विधायक को ज्ञापन सौंपते संगठन के लोग।

की व्यवस्था 9 वर्ष, 14 वर्ष तथा 19 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष, 20 वर्ष, 30 वर्ष की गई थी जिससे ऊर्जा के कार्मिकों को अत्यधिक वित्तीय हानि उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों समस्याओं के निराकरण के लिये पूर्व में ऊर्जा सचिव की उपस्थित में वार्ता में सहमति के उपरांत अपर सचिव ऊर्जा, निगम प्रबंधन तथा चारों संगठनों के प्रतिनिधियों की एक कमेटी गठित की गई तथा कमेटी को दोनों समस्याओं से किस प्रकार कार्मिक प्रभावित हो रहे हैं तथा उन्हे किस प्रकार की हानि हो रही है से संबंधित एक रिपोर्ट शासन को एक माह में प्रेषित किये जाने को कहा गया है, लेकिन रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत भी समस्याओं के निराकरण के संबंध में कोई कार्यवाही किये जाने का आश्वासन भी संगठनों को दिया गया जिस पर संगठन द्वारा दीपावली से प्रस्तावित अपने आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि गठित कमेटी द्वारा पे मेट्रिक्स के संबंध में अपनी रिपोर्ट 27 अक्टूबर तथा एसीपी से संबंधित रिपोर्ट 16 नवम्बर को शासन को प्रेषित कर दी गई है लेकिन अभी तक दोनों समस्याओं का समाधान नहीं होने पर संगठन द्वारा रोष व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कैबिनेट में पास किये जाने के बाद भी आज तक सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ ऊर्जा के कार्मिकों को नही मिला है। उन्होंने अपनी जायज मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इस दौरान ऊर्जा ऑफिसर्स सुपर वाइजर एण्ड स्टॉफ एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष डीसी गुरुरानी, उत्तरांचल पॉवर इंजीनियर एसोसिएशन के अमित आनंद, प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तरखंड पॉवर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन दीपक पाठक, ऊर्जा ऑफिसर्स सुपरवाइजर स्टॉफ एसोसिएशन के कुमाऊं जोन अध्यक्ष सती जोशी, ईई रामनगर कन्हैया जी मिश्रा, एसडीओ ललित मोहन, सुबोध नेगी, कैलाश तिवारी, गिरीश चंद्र पांडे, सतपाल सिंह रावत, सूर्यकांत कुकरेती, दुर्गेश कुमार जोशी, दीपक जोशी, महेश चंद्र ध्यानी, दीपक कुमार बिष्ट, प्रताप सिंह अधिकारी, हिमांशु लोहनी, राजेश सिंह, चंद्रलाल, कुर्बान अली सहित कई लोग मौजूद रहे।